चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 10.9.24 | 2 | 3-5 |


# विद्यार्थी करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर दें ध्यान: प्रो. काम्बोज



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।*

## हकृवि के कृषि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 9 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि कालेज के सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नवागंतुकों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। विद्यार्थियों के पास कृषि शिक्षा में अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के व्यापक अवसर हैं इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा आज चुनौतियों को अवसर में बदलने का समय है। विद्यार्थियों को इसका लाभ उठाना चाहिए और समाज व देश के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा वे बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हे इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला हैं। विद्यार्थियों को अपने करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। यहां विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध है जिनका लाभ उठाकर उन्हे अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने नवांगतुक विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय में पदापर्ण करने पर स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए समयबद्धता एवं नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अवांछित गतिविधियों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध की गई सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। मंच का संचालन डॉ. मुकेश सैनी ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 10.9.24 | 11 | 3-6 |


## हकृवि के कृषि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

# मेहनत के साथ अध्ययन करें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। विद्यार्थियों के पास कृषि शिक्षा में अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के व्यापक अवसर हैं, इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए।

कुलपति प्रो. काम्बोज सोमवार को कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा आज चुनौतियों को अवसर में बदलने का समय है। विद्यार्थियों को इसका लाभ उठाना चाहिए और समाज व देश के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा वे बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हे इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला हैं। विद्यार्थियों को अपने करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए।

यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध है जिनका लाभ उठाकर उन्हे अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए। उन्होंने नवागंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली, एडवाइजरी तथा एटेंडेंस सिस्टम, छात्रावास, मेडिकल व खेल सुविधाओं, पुस्तकालय आदि की जानकारी दी।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने नवांगतुक विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए समयबद्धता एवं नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अवांछित गतिविधियों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध की गई सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने मंच पर जाकर अपना संक्षिप्त परिचय दिया।

# विद्यार्थी करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर दें ध्यान : प्रो. काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए।

हिसार, 9 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): हकृवि के कृषि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजितचौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि कालेज के सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नवागंतुकों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। विद्यार्थियों के पास कृषि शिक्षा में अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के व्यापक अवसर हैं इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा आज चुनौतियों को अवसर में बदलने का समय है।

विद्यार्थियों को इसका लाभ उठाना चाहिए और समाज व देश के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा वे बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हे इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला हैं। विद्यार्थियों को अपने करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इसी प्रकार केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने नवांगतुक विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए समयबद्धता एवं नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अवांछित गतिविधियों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध की गई सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने मंच पर जाकर अपना संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में कृषि कालेज के सभी विभागाध्यक्षों ने संबंधित विभाग में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं एवं विभाग की श्रेष्ठतम उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच का संचालन डॉ. मुकेश सैनी ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 10.9.24 | 4 | 1-2 |

## विद्यार्थी करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर दें ध्यान : प्रो. काम्बोज

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि कॉलेज के सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। विद्यार्थियों के पास कृषि शिक्षा में अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के व्यापक अवसर हैं इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए। नवागंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली, एडवाइजरी तथा अटेंडेंस सिस्टम, छात्रावास, मेडिकल व खेल सुविधाओं, पुस्तकालय आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि कालेज के सभी विभागाध्यक्षों ने संबंधित विभाग में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं एवं विभाग की श्रेष्ठतम उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच का संचालन डॉ. मुकेश सैनी ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच. न्यूज़ | 10.9.24 | 6 | 5-8 |

### हकृवि के कृषि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थी करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर दें ध्यानः कुलपति काम्बोज



हिसार(सच कहूँ न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि कॉलेज के सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे। उन्होंने नवागंतुकों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। विद्यार्थियों के पास कृषि शिक्षा में अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के व्यापक अवसर हैं इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा आज चुनौतियों को अवसर में बदलने का समय है। विद्यार्थियों को इसका लाभ उठाना चाहिए और समाज व देश के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा वे बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हे इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला हैं। विद्यार्थियों को अपने करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। यहां विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध है जिनका लाभ उठाकर उन्हे अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए। उन्होंने नवागंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली, एडवाइजरी तथा एटेंडेंस सिस्टम, छात्रावास, मेडिकल व खेल सुविधाओं, पुस्तकालय आदि की जानकारी दी। विश्वविद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करके राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इसी प्रकार केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 10.9.24 | 4 | 3-5 |

# चुनौतियों को अवसर में बदलने का समय

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कृषि कॉलेज के सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नवागंतुकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज चुनौतियों को अवसर में बदलने का समय है। विद्यार्थियों को इसका



एचएयू में कुलपति प्रो. कांबोज दीप प्रज्वलित करते हुए। स्रोत : आयोजक

लाभ उठाना चाहिए और समाज व देश के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध की गई सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने मंच पर जाकर अपना संक्षिप्त परिचय दिया।

सभी विभागाध्यक्षों ने संबंधित विभाग में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं एवं विभाग की श्रेष्ठतम उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच का संचालन डॉ. मुकेश सैनी ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षककर्मी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 09.09.2024 | --- | -- |

# विद्यार्थी करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर दें ध्यान- कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

**हकृवि के कृषि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित**

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित



किया गया। कृषि कालेज के सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नवागंतुकों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। विद्यार्थियों के पास कृषि शिक्षा में अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के व्यापक अवसर हैं इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 08.09.2024 | --- | -- |

# हकृवि के कृषि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

पांच बजे न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि कालेज के सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नवागंतुकों को संबोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। विद्यार्थियों के पास कृषि शिक्षा में अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के व्यापक अवसर हैं इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा आज चुनौतियों को अवसर में बदलने का समय है। विद्यार्थियों को इसका लाभ उठाना चाहिए और समाज व देश के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा वे बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हे इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला हैं। विद्यार्थियों को अपने करियर निर्माण के लिए ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। यहां विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध है जिनका लाभ उठाकर उन्हे अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए। उन्होंने नवागंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली, एडवाइजरी तथा एटेंडेंस सिस्टम, छात्रावास, मेडिकल व खेल सुविधाओं, पुस्तकालय आदि की जानकारी दी। विश्वविद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करके राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इसी प्रकार केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने नवागंतुक विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय में पदार्पण करने पर स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए समयबद्धता एवं नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अवांछित गतिविधियों से दूर रहने का आह्वान किया।